छपे हुए पृष्ठों की संख्याः 1

**परमाणु ऊर्जा केन्द्रीय विद्यालय1, हैदराबाद**

**कार्यपत्रक 1**

विषयः हिन्दी | कक्षाः नवीं

पाठः 4 नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया

नामः---------------- अनुक्रमांकः----------- दिनांकः--------

पूर्णांकः 15 प्राप्तांकः------

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अंगरेज़ों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया। बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया; पर उसमें बहुत थोड़ी संपत्ति अंगरेज़ों के हाथ लगी। इसके बाद अंगरेज़ों ने तोप के गोलों से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगाईं, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यंत सुंदरी बालिका आकर खड़ी हो गयी। उसे देखकर अंगरेज़ सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआः क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कहीं दिखाई न दी थी।

**प्रश्न-** 1) सुंदर बालिका कौन थी? महल लूटने के समय वह कहाँ थी? 2

2) अंग्रेज़ों का सैनिक दल बिठूर की ओर क्यों गया था? 2

3) अंग्रेज़ों का सैनिक दल क्या देखकर चकित रह गया? 2

4) अंग्रेज़ों ने क्या निश्चय किया था? 1

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 2 x 4=8

1. बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया?
2. अंग्रेज़ नाना साहब के मकान को क्यों नष्ट करना चाहते थे?
3. सर टामस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे?
4. धुंधूपंत नाना साहब कानपुर से भागकर क्यों चले गए?